# कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

दूरभाष कमांक –07856252403,फैक्स कमांक –07856252488,ई–मेल पता www.Dantewada.cg@nic.in

## //विज्ञापन//

विज्ञापन क्र3612/स्था0/भर्ती/2023 दंतेवाड़ा दिनांक 08/06/2023

## तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी पदों पर सीधी भर्ती हेतु–विज्ञापन

सचिव छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र कमांक एफ 13–1/2023/आ.प्र./1–3 दिनांक 03.05.2023 तथा सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के क्रमांक एफ 4–04/2023/सात–2 दिनांक 09.05.2023 के परिपालन में जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के अंतर्गत राजस्व व भू–अभिलेख स्थापना तथा शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पंजीयक विभाग दंतेवाड़ा के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के इच्छुक निवासियों के द्वारा उक्त विभागों में जिला संवर्ग के तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक को छोड़कर) एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु आवेदन पत्र **पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 28/06/2023 सायं 05.00बजे तक कार्यालय कलेक्टर (वित्त शाखा) जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा** के पते पर आमंत्रित किये जाते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**रिक्त पदो की संख्या/वर्गवार विवरण निम्नानुसार है :–**

| क्र. | पद का नाम | वेतनमान लेवल | अनारक्षित(UR) | | | | | अ.ज.जा.(ST) | | | | | अ.जा.(SC) | | | | | अ.पि.व.(OBC) | | | | | महा योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मु. | म. | भू.पू.सै. | दिव्यांग | योग | मु. | म. | भू.पू.सै. | दिव्यांग | योग | मु. | म. | भू.पू.सै. | दिव्यांग | योग | मु. | म. | भू.पू.सै. | दिव्यांग | योग | |
| 1 | शीघ्रलेखक वर्ग–03 | लेवल–7 वेतनमान 28700–91300 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 2 | स्टेनो टायपिस्ट | लेवल–4वेतनमान 19500–62000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | **5** |
| 3 | सहा. ग्रेड–3 | लेवल–4 वेतनमान 19500–62000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 | 5 | 1 | 1 | 24 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | **28** |
| 4 | डाटा एंट्री आपरेटर | लेवल–6 वेतनमान 25300–80500 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | **2** |
| 5 | वाहन चालक | लेवल–4 वेतनमान 19500–62000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 6 | भृत्य | लेवल–1 वेतनमान 15600–49400 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 9 | 2 | 0 | 0 | 11 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **13** |
| 7 | चौकीदार | लेवल–1 वेतनमान 15600–49400 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** |
| 8 | प्रोसेस सर्वर | लेवल–1 वेतनमान 15600–49400 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| | | | **4** | **0** | **0** | **0** | **4** | **37** | **7** | **1** | **1** | **46** | **2** | **0** | **0** | **0** | **2** | **5** | **0** | **0** | **0** | **5** | **57** |

**टीप :– रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि या कमी हो सकती हैं। जिसके लिए कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।**

**भूतपूर्व सैनिक सहित अन्य वर्गो को शासकीय सेवा में दिये जाने वाला आरक्षण/अन्य लाभ दिये जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा।** विज्ञापित पदों पर भर्ती हेतु भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांगजन व विविध प्रवर्गो– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग(क्रीमीलेयर को छोड़कर) के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित व जारी किए गए आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट संबंधी निर्देशों, नियमों व शर्तो का पालन किया जाएगा।

**01– पदवार निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं :–**

**01– शीघ्रलेखक ग्रेड–03**

(अ) वेतनमान–वेतन मेट्रिक्स में लेवल 07 वेतनमान रू0 28700–91300/–

(ब) शीघ्रलेखक ग्रेड–03 के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता :–

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

2. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखक मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से–

(क) शीघ्र लेखक (हिन्दी के लिए)– हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति। (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी)

3. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एंट्री की गति की 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।

**02– स्टेनोटायपिस्ट–**

(अ) वेतनमान–वेतन मेट्रिक्स में लेवल 04 वेतनमान रू0 19500–62000/–

(ब) स्टेनोटायपिस्ट– के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता :–

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

2. हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा लीजाएगी)।

3. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।

**03– सहायक ग्रेड–03**

(अ) वेतनमान–वेतन मेट्रिक्स में लेवल 04 वेतनमान रू0 19500–62000/–

(ब) सहायक ग्रेड–03 के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता :–

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा

3. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।

**04– डाटा एन्ट्री आपरेटर–**

(अ) वेतनमान–वेतन मेट्रिक्स में लेवल 06 वेतनमान रू0 25300–80500/–

(ब) डाटा एन्ट्री आपरेटर के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता :–

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्त्तीण

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्त्तीण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रथम वर्ष परीक्षा उत्त्तीण ।

**अथवा**

कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा ।

2. डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।

**05– वाहन चालक–**

(अ) वेतनमान–वेतन मेट्रिक्स में लेवल 04 वेतनमान रू0 19500–62000/–

(ब) वाहन चालक के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता :–

1. किसी मान्यता बोर्ड से कक्षा आठवीं की परीक्षा उत्तीर्ण।
2. वैध ड्राईविंग लायसेंस का प्रमाण पत्र।

**06– चतुर्थ श्रेणी –भृत्य/चौकीदार/प्रोसेस सर्वर**

(अ) वेतनमान–वेतन मेट्रिक्स में लेवल 01 वेतनमान रू0 15600–49400/–

(ब) भृत्य/चौकीदार/प्रोसेस सर्वर के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता :–

1. मान्यता प्राप्त संस्था से प्राथमिक परीक्षा ( 5वीं ) कक्षा उत्तीर्ण,

## 2. नियम एवं शर्तें :–

1. रिक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
2. उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रकियायें, माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली, के एस0एल0पी0(सी) कमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी।
3. **<u>आयु सीमा:–</u>** दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में उम्मीदवार की आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिये। **छ0ग0शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, जिला रायपुर के परिपत्र क्रमांक एफ 3–2/2015/1–3 अटल नगर, रायपुर दिनांक 30.01.2019 के अनुसार छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयुसीमा (35 वर्ष) में 05वर्ष की छूट देय होगी।**
4. अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 5 वर्ष, महिलाओं के लिए 10 वर्ष तथा सभी प्रवर्ग के लिए सभी प्रकार के छूट सहित अधिकतम आयु सीमा की छूट 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **दिव्यांगजन** उम्मीदवार को 3 वर्ष की आयु सीमा में अतिरिक्त छूट होगी परन्तु यह छूट 45 वर्ष की आयु सीमा तक ही सीमित होगी।
5. उच्चतर आयु सीमा में छ0ग0शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गए निर्देशों के तहत छूट की पात्रता होगी। यदि उच्चतर आयु सीमा में छूट चाही गई है, तो संबंधित दस्तावेज/प्रमाण पत्र अनिवार्यतः दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा।
6. छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय रायपुर के पत्र कमांक एफ–13–2/2018/आ0प्र0/1–3, नवा रायपुर दिनांक 28.09.2021 में दिव्यांगजन अधिकारी अधिनियम 2016 के प्रावधान के तहत् सीधी भर्ती में दिव्यांगजनों के आरक्षण हेतु समस्त प्रवर्ग श्रेणी के दिव्यांगता के पदों का चिन्हांकन के तहत् तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों में 07 प्रतिशत दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण नियत किया गया है।

   02–प्रतिशत– अंध और निम्न दृष्टि

   02–प्रतिशत– बाधिर और श्रवण शक्ति में हास

   02–प्रतिशत– चलन दिव्यांगता जिसके अंतर्गत प्रमस्तिष्क घात, रोगमुक्त कुष्ठ, बौनापन, अम्लआकमण पीडित और पेशीय दुष्पोषण भी है।

   01–प्रतिशत– स्वपरायणता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता और मानसिक अस्वस्थता

   **एवं**

   खण्ड(क) से खण्ड(घ) के अधीन व्यक्तियों में से बहुदिव्यांगता जिसके अंतर्गत प्रत्येक दिव्यांगता के लिए पहचान किये गये पदों में बधिर अंधता भी है।
7. **<u>स्थानीय निवासी:–</u>** आवेदक को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवास प्रमाण पत्र उल्लेखित जिले का स्थानीय निवासी होना मान्य होगा।
8. **जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन कमांक आवश्यक होगा।**

9. **आवश्यक दस्तावेजः—**आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में उल्लेखित विवरण अनुसार जन्म दिनांक हेतु पांचवी/आठवीं/हाई स्कूल (दसवीं) की अंकसूची/प्रमाण पत्र, हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, सक्षम प्राधिकारी का स्थायी जाति प्रमाण पत्र (स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र) छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था से जारी कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण संबंधी प्रमाण पत्र। जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लायसेंस, दिव्यांग प्रमाण पत्र, (यदि उक्त रिक्त पद हेतु आवेदन भरा गया हो तो) एवं पदवार शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता संबंधी आवश्यक दस्तावेज की स्व–प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. कम्प्यूटर अर्हता हेतु छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मान्य किये गये प्रमाण पत्रों को ही स्वाकार किये जायेगें।
11. अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण केवल गैर क्रीमीलेयर के आधार पर ही देय है। गैर क्रीमीलेयर का निर्धारण वार्षिक आय के आधार पर होता है। अतः अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र के साथ गैर क्रीमीलेयर के अंतर्गत आने का प्रमाण पत्र हेतु ऐसा आय प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा जो आवेदन की तिथि से पूर्ववती तीन वर्ष के भीतर जारी किया गया हो।
12. **भर्ती का तरीका** :–

(I) छ0ग0 राजपत्र कमांक 459 दिनांक 19.11.2018 में छ0ग0 शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर रायपुर द्वारा प्रकाशित अधिसूचना दिनांक 19.11.2018 के कंडिका 06 भर्ती का तरीका के (1) के (क) के अनुसार केवल मेरिट के आधार पर चयन के माध्यम से भर्ती किया जायेगा। प्रतियोगी परीक्षा नहीं लिया जायेगा।

(II) किसी भी शासकीय/निगम/मण्डल कार्यालयो में संविदा/दैनिक वेतन/तदर्थ नियुक्ति पर कार्यरत तृतीय श्रेणी/चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत आवेदित पद का ही नियुक्ति में अनुभव का अतिरिक्त अंक दिया जावेगा। प्रतिवर्ष अनुभव के लिये 01 अंक प्रदान किये जायेगे। अनुभव के लिए अधिकतम 10 अंक निर्धारित है। 01 वर्ष की गणना नियुक्ति तिथि से 01 वर्ष होना अनिवार्य है। अनुभव प्रमाण पत्र केवल आवेदित पद पर कार्य करने का ही मान्य किया जावेगा। आवेदित पद के अतिरिक्त अन्य पद का अनुभव मान्य नहीं होगा। अनुभव के अंक के लिए नियोक्ता द्वारा जावक नम्बर सहित जारी किये गये अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगे। आवेदक को आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। किसी भी निजि संस्था के द्वारा प्रदत्त किया गया अनुभव प्रमाण पत्र मान्य नही किया जायेगा। आवश्यक हो तो चयनित उम्मीदवारों का अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन जारीकर्ता अधिकारी से कराया जा सकेगा। यदि प्रमाण पत्र गलत पाया जाएगा तो वैधनिक कार्यवाही भी की सकेगी तथा आवेदन एवं चयन अमान्य किया जावेगा।

(III) छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र कमांक एफ–9–4/2015/1/3 नवा रायपुर दिनांक 23.01.2015 के द्वारा जारी निर्देशानुसार शीघ्रलेखक/डाटा एंट्री आपरेटर/स्टेनो टायपिस्ट/सहायक ग्रेड–03 के पद पर भर्ती हेतु कम्प्यूटर विषय से संबंधित अर्हताए मान्य होगी।

(A) **शीघ्रलेखक ग्रेड–03–** चयन की सम्पूर्ण प्रकिया नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से पूर्ण की जावेगी। शीघ्रलेखक ग्रेड–03 पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के कुल प्राप्त प्रतिशत का 90% अंक (अधिभार) एवं अनुभव प्रतिवर्ष 01 अंक प्रदान किये जायेगे। अधिकतम 10वर्ष के लिए 10 अंक निर्धारित है। आवेदन पत्रों की जांच एवं स्कूटनी के पश्चात् निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक व अनुभव के अंक के आधार पर मेरिट सूची कम के अनुसार रिक्त पदों के प्रवर्गावार 1 अनुपात 10 के मान से उम्मीदवारों को प्रायोगिक/कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। सत्यापन के समय अभ्यर्थी की निर्धारित योग्यता से अपूर्ण, भिन्न पाये जाने पर उसे कौशल परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

2. आवेदक को शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति एवं डाटा एंट्री की गति की 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा से कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। कौशल परीक्षा में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियो को चयन की आगामी प्रकिया हेतु अपात्र घोषित किया जावेगा। कौशल परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा के पूर्व जारी किये गये मेरिट सूची के आधार पर चयन प्रकिया की कार्यवाही की जावेगी।

(B) **स्टेनोटायपिस्ट–** चयन की सम्पूर्ण प्रक्रिया स्टेनोटायपिस्ट के पद हेतु नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से पूर्ण की जावेगी। स्टेनोटायपिस्ट पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के कुल प्राप्त प्रतिशत का 90% अंक (अधिभार) एवं अनुभव प्रतिवर्ष 01 अंक प्रदान किये जायेगे। अधिकतम 10वर्ष के लिए 10 अंक निर्धारित है। आवेदन पत्रों की जांच एवं स्क्रूटनी के पश्चात् निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक व अनुभव के अंक के आधार पर मेरिट सूची क्रम के अनुसार रिक्त पदों के प्रवर्गवार 1 अनुपात 10 के मान से उम्मीदवारों को प्रायोगिक/कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। सत्यापन के समय अभ्यर्थी की निर्धारित योग्यता से अपूर्ण, भिन्न पाये जाने पर उसे कौशल परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

2. आवेदक को हिन्दी शीघ्रलेखन की 60 शब्द प्रतिमिनट की गति एवं डाटा एंट्री की गति की 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा से कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। कौशल परीक्षा में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियो को चयन की आगामी प्रकिया हेतु अपात्र घोषित किया जावेगा। कौशल परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा के पूर्व जारी किये गये मेरिट सूची के आधार पर चयन प्रक्रिया की कार्यवाही की जावेगी।

(C) **सहायक ग्रेड–03**– चयन की प्रकिया सहायक ग्रेड–03 के पद हेतु नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से पूर्ण की जावेगी। सहायक ग्रेड–03 पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के कुल प्राप्त प्रतिशत का 90% अंक (अधिभार) एवं अनुभव प्रतिवर्ष 01 अंक प्रदान किये जायेगे। अधिकतम 10वर्ष के लिए 10 अंक निर्धारित है। आवेदन पत्रों की जांच एवं स्क्रूटनी के पश्चात् निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक व अनुभव के आधार पर मेरिट क्रम के अनुसार रिक्त पदों के प्रवर्गवार 1 अनुपात 10 के मान से उम्मीदवारों को प्रायोगिक/कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। सत्यापन के समय अभ्यर्थी की निर्धारित योग्यता से अपूर्ण, भिन्न पाये जाने पर उसे कौशल परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

2. आवेदक को कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा से कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। कौशल परीक्षा में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियो को चयन की आगामी प्रकिया हेतु अपात्र घोषित किया जावेगा। कौशल परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा के पूर्व जारी किये गये मेरिट सूची के आधार पर चयन प्रक्रिया की कार्यवाही की जावेगी।

(D) **डाटा एंट्री आपरेटर**– चयन की प्रकिया डाटा एंट्री आपरेटर के पद हेतु नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से पूर्ण की जावेगी। डाटा एंट्री आपरेटर पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के कुल प्राप्त प्रतिशत का 90% अंक (अधिभार) एवं अनुभव प्रतिवर्ष 01 अंक प्रदान किये जायेगे। अधिकतम 10वर्ष के लिए 10 अंक निर्धारित है। आवेदन पत्रों की जांच एवं स्क्रूटनी के पश्चात् निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक व अनुभव के आधार पर मेरिट क्रम के अनुसार रिक्त पदों के प्रवर्गवार 1 अनुपात 10 के मान से उम्मीदवारों को प्रायोगिक/कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। कौशल परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। सत्यापन के समय अभ्यर्थी की निर्धारित योग्यता से अपूर्ण, भिन्न पाये जाने पर उसे कौशल परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

2. आवेदक को कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एंट्री की गति का 8,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा से कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। कौशल परीक्षा में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियो को चयन की आगामी प्रकिया हेतु अपात्र घोषित किया जावेगा। कौशल परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा के पूर्व जारी किये गये मेरिट सूची के आधार पर चयन प्रक्रिया की कार्यवाही की जावेगी।

(E) **वाहन चालक**– चयन की प्रकिया वाहन चालक के पद हेतु नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से पूर्ण की जावेगी। वाहन चालक पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के कुल प्राप्त प्रतिशत का 90% अंक (अधिभार) एवं अनुभव प्रतिवर्ष 01 अंक प्रदान किये जायेगे। अधिकतम 10वर्ष के लिए 10 अंक निर्धारित है। आवेदन पत्रों की जांच एवं स्क्रूटनी के पश्चात् अर्हताधारी निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक व अनुभव के अंक के आधार पर मेरिट सूची क्रम के अनुसार रिक्त पदों के प्रवर्गवार 1 अनुपात 10 के मान से उम्मीदवारों को कौशल/दक्षता परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। वाहन चलाने हेतु कौशल/दक्षता परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की

दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। सत्यापन के समय अभ्यर्थी की निर्धारित योग्यता से अपूर्ण, भिन्न पाये जाने पर उसे कौशल/दक्षता परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

2. आवेदक को वाहन चलाने हेतु कौशल/दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। कौशल/दक्षता परीक्षा में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थियो को चयन की आगामी प्रक्रिया हेतु अपात्र घोषित किया जावेगा। कौशल परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का कौशल/दक्षता परीक्षा के पूर्व जारी किये गये मेरिट सूची के आधार पर चयन प्रकिया की कार्यवाही की जावेगी।

(F) **भृत्य, चौकीदर, प्रोसेस सर्वर**– नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से चयन की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हता कक्षा पांचवी उत्तीर्ण परीक्षा में प्राप्त अंक 90% भार एवं प्रतिवर्ष अनुभव के लिये 01 अंक अधिकतम 10वर्ष के लिए 10 अंक के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जावेगा। मेरिट के आधार पर अंतिम सूची तैयार कर चयन की कार्यवाही की जावेगी। चतुर्थ श्रेणी हेतु कौशल परीक्षा नहीं लिया जायेगा।

13. **सभी पदों की शैक्षणिक योग्यता में यदि किसी आवेदक को कक्षा की अंक सूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया है तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जायेगा।**

**औसत प्रतिशत इस प्रकार है :–**

| ग्रेड | अंको का प्रशित | प्रतिशत |
|---|---|---|
| ग्रेड–ए+ | 91–100 | 95 |
| ग्रेड–ए | 81–90 | 85 |
| ग्रेड–बी | 66–80 | 73 |
| ग्रेड–सी | 51–65 | 58 |
| ग्रेड–डी | 36–50 | 43 |

14. विज्ञापन/आवेदन का प्रारूप कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के सूचना पटल एवं जिला दंतेवाड़ा के वेबसाईट **www.dantewada.nic.in** पर भी देखा जा सकता है। जहां से आवेदन का प्रारूप डाऊनलोड कर पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट से प्रेषित करना अनिवार्य होगा। किसी भी स्थिति में उक्त दोनों माध्यमों के अतिरिक्त प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होगे। कुरियर भी मान्य नहीं होगा और ना ही कार्यालय में सीधे आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। किसी भी स्थिति में आवेदक का आवेदन पत्र पंजीबद्ध डाक द्वारा अथवा स्पीड पोस्ट के द्वारा निर्धारित तिथि/समय तक जिला कार्यालय में पहुंचना अनिवार्य होगा। उक्त दोनो माध्यम के अतिरिक्त एवं नियत तिथि/समय के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा और ना ही उन पर विचार किया जायेगा। आवेदित पद का नाम लिफाफे में ऊपर बाहर स्पष्ट अक्षरों में लिखा जावें।

15. आवेदक अपने आवेदित पद के लिए अपनी अर्हता की जांच स्वयं भली भांती कर लेवें। विज्ञापन में दिये गये निर्देशों/नियमों, शर्तो को पूरा करने पर ही निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदक, आवेदन मे चाही गई जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित करें। आवेदन त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण होने पर, अपूर्ण आवेदन अमान्य किया जा सकेगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

16. अभ्यर्थी को आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य अर्हता आवेदन करने की निर्धारित अंतिम तिथि तक धारित करना आवश्यक होगा।

17. **नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र** :– यदि अभ्यर्थी छ.ग. शासन के अधीन शासकीय विभाग/निगम/मण्डल/उपकम में कार्यरत हो तो वे आवेदन कर सकते है। उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख से जारी **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना होगा।

18. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उसको वरीयता प्रदान की जावेगी।

19. **परिवीक्षा अवधिः**—चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जावेगी।

(क) चयनित अभ्यर्थी को परिवीक्षा अवधि में छ0ग0शासन, **वित्त विभाग के वित्त निर्देश 21/2020** के अनुसार निम्नानुसार स्टायपेण्ड देय होगा।

प्रथम वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत
द्वितीय वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत
तृतीय वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत

परन्तु परिवीक्षा अवधि में स्टायपेण्ड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत अन्य कर्मियों की तरह प्राप्त होगा।

(ख) परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर, जब वह सेवा या पद पर स्थाई किया जाता है, तब शासकीय सेवक का वेतन, उस सेवा या पद को लागू समयमान का न्यूनतम नियत किया जायेगा।

20. तृतीय श्रेणी हेतु कौशल परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा केन्द्र तक जाना होगा। इसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं दिया जावेगा। वरीयता सूची के आधार पर कुल रिक्त पद के 10 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा। कौशल परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र पर संसाधन की व्यवस्था नियोक्ता के द्वारा की जायेगी जो अभ्यर्थी को मान्य होगा।
21. शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी दक्षता की अंकसूची/प्रमाण पत्र (निवास/जाति) एवं अन्य सुसंगत आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रतियॉ सत्यापन के समय अवलोकन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
22. चयनित अभ्यर्थियों को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से चिकित्सा प्रमाण पत्र नियुक्ति के एक माह के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
23. एक से अधिक पद के लिए प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। एक ही आवेदन में एक से अधिक पद का आवेदन किये जाने पर आवेदन अमान्य करते हुए अपात्र माना जावेगा।
24. आवेदक द्वारा जिस पद के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। उस लिफाफा के ऊपर आवेदित पद का पदनाम अंकित किया जावें।
25. एक बार आवेदन कर दिये जाने के बाद त्रुटि सुधार के लिए किया गया कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
26. आवेदक को आवेदन के साथ सादे लिफाफ में अपना पत्र व्यवहार का वर्तमान पता स्पष्ट पिन कोड सहित लिखा हुआ रू0–10/– का डाक टिकट चस्पा किया हुआ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
27. **अनर्हताः–** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 6 के अनुसार निम्नलिखित अनर्हता होगीः–

I) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियॉं जीवित हो और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसका पहले ही एक पति जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/नहीं होगी।

परन्तु यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण है, तो वह ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

II) कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा। जब तक उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जो विहित की जाए, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सेवा या पद के कर्तव्य के पालन में बाधा डाल सकने वाले किसी मानसिक या शारीरिक दोष से मुक्त ना पाया जाए।

III) कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

IV) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

28. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के किसी भी चरण में अथवा परीक्षाफल घोषित होने के बाद अयोग्य/अनर्ह पाया जाता है अथवा उसके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो उसकी अभ्यर्थिता/चयन परिणाम निरस्त किया जा सकेगा।
29. **प्रतीक्षा सूचीः**– प्रतीक्षा सूची नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम दिनांक से 01 वर्ष के लिये वैध होगी।

30. अभ्यर्थी के चयन उपरांत यदि उनके द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी असत्य/मिथ्या पायी जाती है, तो नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।
31. विज्ञापन में किसी भी तरह के संशोधन/सुधार करने का अधिकार कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के पास सुरक्षित रहेगा।
32. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी प्रकार की विवाद पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार जिला चयन समिति दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के पास सुरक्षित रहेगा।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

08/06/2023

**अपर कलेक्टर**
**दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**

पृष्ठ.क्रमांक /3612/ स्था0 / भर्ती / 2023 / दन्तेवाड़ा, दिनांक 08 / 06 / 2023

प्रतिलिपि :-

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी नवा रायपुर की ओर उनके पत्र कमांक एफ 4–04/2023/सात–2 दिनांक 09.05.2023 के संदर्भ में सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. संचालक छ.ग. शासन जनसम्पर्क विभाग नवा रायपुर अटल नगर को विज्ञापन प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
4. संचालक, सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ़ रायपुर।
5. आयुक्त बस्तर संभाग, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।
7. सर्व संबंधित कार्यालय प्रमुख को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
8. प्रभारी अधिकारी, नजारत शाखा, जिला कार्यालय दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
9. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की ओर सूचनार्थ । कृपया जिले के वेबसाईट में विज्ञापन अपलोड करने हेतु अग्रेषित।
10. कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) दंतेवाड़ा/बडे बचेली/गीदम दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
11. सर्व कार्यालय तहसीलदार ..........................................जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
12. सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की ओर समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ।
13. जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
14. मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिक परिषद, दंतेवाड़ा को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।।
15. सर्व कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत,.......................................... जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।

08/06/2023

**अपर कलेक्टर**
**दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**

## आवेदन पत्र का प्रारूप
### प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करें

| | |
|---|---|
| आवेदित पद का नाम | :–...................................... |
| वर्ग (जाति) | :–...................................... |
| लिंग:- | :–...................................... |

**प्रति,**

**कलेक्टर, (वित्त)**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**

सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें

**विषय :– विज्ञापन कमांक.................दिनांक ..........................द्वारा विज्ञापित पदों में नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।**

1. आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) : ..........................................
   (अंग्रेजी में केपिटल लेटर में) : ..........................................
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) : ..........................................
   (अंग्रेजी में केपिटल लेटर में) : ..........................................
3. अ. जन्मतिथि अंको में : ..........................................
   ब. शब्दों में : ..........................................
   **(प्रमाण हेतु हाई–स्कूल प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**
4. आयु (दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में) : वर्षः–.........................माहः–.......................दिनः–................
5. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता : ..........................................
   ..........................................
   .......................................... पिन ............................
   मोबाइल नम्बर ..........................................
6. स्थायी पता : ..........................................
   ..........................................पिन.............................
   मोबाइल नम्बर ..........................................
7. जाति प्रवर्ग(अजा/अजजा/अपवि/अन्य) उल्लेख करें :– ..........................................
8. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है ? हॉ/नहीं :– ..........................................
   **(छ.ग. मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**
9. क्या आप दिव्यांग श्रेणी से है? यदि हॉ तो दिव्यांगता का प्रकार श्रेणी :– ..............................
   **(जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**
10. क्या आप भूतपूर्व सैनिक है? यदि हॉ /नहीं :–..........................................
    (प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

11. वाहन चालक हेतु ड्राईविंग लायसेंस क्रमांक :–........................................................................................

वाहन चालक हेतु ड्राईविंग लायसेंस वैधता तिथि :–...................................................................................

**(लायसेंस की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**

12. **(शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**

| क्र0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | विषय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

13. जिला संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता प्राप्त किया गया है :–

संस्था का नाम.....................................................................................................................वर्ष.........................

14. शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष :–...................................................................................................

15. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक : ........................................................................

(स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)

16. क्या आवेदित पद हेतु अनुभव रखते है तो नीचे उल्लेखित करें :–

| क्रमांक | कार्यरत पद का नाम | कार्यालय का नाम | वेतन (प्रतिमाह) | कार्यरत अवधि कब से कब तक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

(नियोक्ता द्वारा जारी जावक क्रमांक सहित जारी अनुभव प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

17. (अ) वैवाहिक स्थिति (विवाहित / अविवाहित) :–..............................................................................

(ब) यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि ..............................बच्चों की संख्या....................

18. आवेदक द्वारा आवेदन में पांचवी की अंकसूची/आठवीं अंकसूची/दसवीं अंकसूची/बारहवीं अंकसूची/जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र/कम्प्यूटर उत्तीर्ण प्रमाण पत्र/शीघ्रलेखन प्रमाण पत्र/स्थाई जाति प्रमाण पत्र/छ0ग0 निवास प्रमाण पत्र/भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र यदि लागू हो तो/दिव्यांग प्रमाण पत्र/ड्राईविग लायसेंस प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र जिस पद पर आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न करते हुए नीचे विवरण दें :-

**संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्वप्रमाणित किया गया)**

| | |
|---|---|
| 1 :-........................................ | 2 :-........................................ |
| 3 :-........................................ | 4 :-........................................ |
| 5 :-........................................ | 6 :-........................................ |
| 7 :-........................................ | 8 :-........................................ |
| 9 :-........................................ | 10 :-........................................ |
| 11 :-........................................ | 12 :-........................................ |
| 13 :-........................................ | 14 :-........................................ |
| 15 :-........................................ | 16 :-........................................ |

दिनांक ...................
स्थान:-...................

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**आवेदक का नाम ...............................**

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त आवेदन पत्र में बिन्दु क्रमांक 01 से 18 तक दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य है, किसी भी प्रकार की गलत/अपूर्ण जानकारी के कारण मुझे चयन प्रक्रिया से निष्काशित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। मैने यह आवेदन सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझकर भरा है। विज्ञापन में दिये गये नियमों के अनुसार निर्धारित पद पर आवेदन की पात्रता है, जिसे आवश्यकता होने पर प्रमाणित करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है।

दिनांक .....................
स्थान:-......................

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(आवेदक का नाम पूर्णपता)**